एक नजर में

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर किया 29 पुश-अप चैलेंज

देवास। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 28 से 30 अगस्त तक आयोजित खेल गतिविधियों के अंतर्गत श्रीमंत तुकोजीराव पवार स्टेडियम, देवास स्थित जिम्नेजियम में 29 पुश-अप चैलेंज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को फिटनेस एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा खेल गतिविधियों के प्रति प्रेरित करना रहा। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक पुश-अप चैलेंज में सहभागिता की। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रोत्साहन स्वरूप ट्रॉफी एवं पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर युवाओं से नियमित व्यायाम एवं खेल गतिविधियों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमंत तुकोजीराव पवार स्टेडियम स्थित जिम के ट्रेनर अजीम शेख ने किया।

श्रावणी पर्व पर ब्राह्मण समाज ने किया उपाकर्म

देवास। रक्षाबंधन पर बालगढ़ में ब्राह्मण समाज बंधुओं ने विधि-विधान एवं वैदिक परंपराओं के अनुसार श्रावणी कर्म संपन्न किया। कार्यक्रम पं. सुनील दुबे के आचार्यत्व में आयोजित हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में ब्राह्मण बंधुओं ने धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता की। श्रावणी कर्म के अंतर्गत प्रात :काल हेमाद्री एवं दशविधि स्नान के पश्चात पितृ तर्पण किया गया। इसके बाद सप्त ऋषियों का विधिवत पूजन-अर्चन कर नवीन यज्ञोपवित धारण किया गया। विश्व शांति एवं जनकल्याण की कामना को लेकर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन भी किया गया। कार्यक्रम में सहयोगी विद्वानों के रूप में पं. जगदीशचंद्र दुबे, अजय शास्त्री, घनश्याम दुबे, आनंद दुबे, अभिषेक दुबे, जितेंद्र शर्मा एवं आयुष शर्मा ने मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि श्रावणी पर्व सनातन संस्कृति, संस्कार और परंपराओं से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी वैदिक परंपराओं एवं संस्कारों से जोड़ने का कार्य करते हैं।

तपोभूमि पर ब्रह्मलीन बाबा महेश्वरानंदजी को बांधी राखी

सोनकच्छ। रक्षाबंधन पर ब्रह्मलीन बाबा महेश्वरानंदजी उदासीन की तपोभूमि स्थित श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर पर अनोखा दृश्य देखने को मिला। यहां पर ईशा जाजू द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा को श्रद्धा के साथ राखी बांधी गई। इस अवसर पर बाबा साहब, पिपलेश्वर महादेव सहित सभी देवी-देवताओं एवं कालीसिंध मैया से नगरवासियों के सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई।

ई-अटेंडेंस व्यवस्था और टीईटी की अनिवार्यता का विरोध

- 5 सितंबर को काली पट्टी बांधकर काम करने का निर्णय
- शिक्षकों की समस्याओं को लेकर संयुक्त मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन

देवास। शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं एवं लंबित मांगों को लेकर शिक्षक संगठनों के संयुक्त मोर्चा ने जिला शिक्षा अधिकारी राजीव सूर्यवंशी को ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने ई-अटेंडेंस व्यवस्था तथा लंबे समय से शासकीय सेवा में कार्यरत शिक्षकों के लिए टीईटी परीक्षा की पुन: अनिवार्यता संबंधी प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने की मांग की।

शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि शिक्षक समाज राष्ट्र निर्माण के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसके बावजूद शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों के संबंध में ऐसी व्यवस्थाएं लागू की जा रही हैं, जिनसे शिक्षकों में असंतोष है। संयुक्त मोर्चा ने मांग की कि विद्यालय में शिक्षक की उपस्थिति का निर्धारण केवल तकनीकी माध्यम से न किया जाए, बल्कि विद्यालयीन व्यवस्था एवं शिक्षक की वास्तविक उपस्थिति को आधार माना जाए। ज्ञापन में लंबे समय से शासकीय सेवा में कार्यरत एवं अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे शिक्षकों पर टीईटी परीक्षा की पुन: अनिवार्यता लागू करने के प्रस्ताव पर भी पुनर्विचार करने की मांग की गई। शिक्षकों ने कहा कि वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों की कार्यक्षमता और अनुभव को ध्यान में रखते हुए इस संबंध में उचित निर्णय लिया जाना चाहिए।

> संयुक्त मोर्चा ने ज्ञापन के माध्यम से स्पष्ट किया कि यदि शिक्षकों की समस्याओं एवं मांगों पर उचित निर्णय नहीं लिया गया तो 5 सितंबर शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक विरोध स्वरूप हाथ पर काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे तथा किसी भी प्रकार का शिक्षक सम्मान ग्रहण नहीं करेंगे। शिक्षकों ने शासन से मांगों पर सकारात्मक एवं शीघ्र निर्णय लेने की अपेक्षा जताई। ज्ञापन का वाचन ज्योति वडेकर ने किया। आभार पुरुषोत्तमसिंह सिसौदिया ने व्यक्त किया।

इस अवसर पर रजनीश पोरवाल, शेख साबिर, दिनेश चौधरी, अरुण मिश्रा, दुर्गेश जाजू, मतीन खान, अजयसिंह गौड़, लक्ष्मी माली, सुनील कुमावत, निर्मला सिंह, रागिनी त्यागी, निर्दोष तिर्की, संगीता राठौर, अनिता पंचोली, सुरेशचंद्र माली उपस्थित थे।

सेप्टिक टैंक में मिला 8 महीने का भ्रूण

लोहारदा। नगर के वार्ड नंबर 3 में शुक्रवार को एक प्लॉट के पीछे बने सेप्टिक टैंक में गहरे गड्ढे में 8-9 माह का भ्रूण मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। भ्रूण दिखाई देने की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

जानकारी के अनुसार उक्त प्लॉट आजाद खां ड्राइवर का बताया जा रहा है, जो वर्तमान में इंदौर में रहते हैं। उनके मकान के पीछे बने सेप्टिक टैंक में थोड़ी जगह खुली हुई थी। बताया जा रहा है कि एक बच्चा जब वहां कचरा फेंकने गया तो उसे गड्ढे के अंदर भ्रूण तैरता हुआ दिखा। इसके बाद उसने आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी।

सूचना मिलने पर कांटाफोड़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए गहरे गड्ढे से भ्रूण को बाहर निकलवाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि भ्रूण सेप्टिक टैंक के गड्ढे में कैसे पहुंचा और उसे वहां किसने छोड़ा। पुलिस द्वारा घटना से जुड़े तथ्यों की जानकारी जुटाने के साथ आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। मामले की जांच पूरी होने के बाद ही घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

डॉक्टर के पति पर कार्रवाई के लिए लिखा पत्र

सोनकच्छ। पिछले दिनों एक मरीज उपचार के लिए सिविल अस्पताल गया था। इस दौरान ओपीडी में महिला चिकित्सक की जगह उनके पति इलाज करते हुए मिले और इतना ही नहीं इलाज की पर्ची पर महिला डॉक्टर पत्नी के नाम की सील भी लगा रहे थे। मामले में नवभारत की खबर पर बीएमओ ने कारण बताओ सूचना पत्र जरूर दिया, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। मामला जनसुनवाई में भी पहुंचा है।

जानकारी के अनुसार बीएमओ द्वारा उचित कार्रवाई नहीं करने पर नाराज मरीज ने मंगलवार को देवास में जनसुनवाई में शिकायत की थी। शिकायत के बाद बीएमओ ने पुन: एक नोटिस महिला डॉक्टर को जारी किया है। उल्लेखनीय है कि 12 अगस्त की शाम को सोनकच्छ निवासी गोविंद ओपीडी की पर्ची बनवाकर इलाज के लिए गए थे। उस समय डॉ. शीरीन अली की ड्यूटी थी, लेकिन वे ड्यूटी पर नहीं दिखाई दी। उनकी अनुपस्थिति में उनके पति डॉ. मुमताज आलम मरीजों का उपचार कर शासकीय पर्ची पर उनकी पत्नी की सील स्वयं लगा रहे थे। मरीज ने इसकी शिकायत बीएमओ से की थी। इसके बाद उन्होंने कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने की बात कही। डॉक्टर के जवाब आने के बाद आवेदक संतुष्ट नहीं होते हुए देवास में जनसुनवाई में शिकायत की थी। शिकायत के बाद बीएमओ शैलेन्द्र औरैया ने डॉ. शीरीन को एक और नोटिस जारी किया है। इसे लेकर 13 अगस्त को समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार के संबंध में संदर्भित पत्रानुसार उनसे स्पष्टीकरण चाहा गया, जो कि उनके द्वारा स्पष्टीकरण का प्रतिउत्तर संतोषजनक एवं उचित कारण नहीं दर्शाया गया है। 27 अगस्त को समाचार पत्रों के माध्यम से भी आपके संबंध में उक्त शिकायत के बारे में पुन: संज्ञान में आया है।

सिल्वर कॉलोनी में मकान-गोदाम पर की 1 लाख की चालानी कार्रवाई

देवास। नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बालगढ़ रोड सिल्वर कॉलोनी स्थित मकान एवं गोदाम पर कार्रवाई की गई। यहां से बड़ी मात्रा में सिंगल यूज प्लास्टिक मिला था। उल्लेखनीय है कि निगम द्वारा उक्त मकान एवं गोदाम को 20 अगस्त को सिंगल यूज प्लास्टिक निर्माण गतिविधियों के चलते सील किया गया था। निरीक्षण के दौरान नगर निगम की टीम द्वारा जांच की गई, जिसमें प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक से संबंधित सामग्री पाई गई। शुक्रवार को निगम द्वारा नियमानुसार 1 लाख रुपए की चालानी कार्रवाई एवं लगभग 2 लाख रुपए की प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री जब्त की गई।

एक नजर

400 फीट गहरी खाई में ट्रक फेंककर लगाई आग

19 लाख की सोयाबीन चोरी छिपाने रचा एक्सीडेंट का झूठा खेल

- सिया घाट पर जले ट्रक का तकनीकी जांच ने खोला राज
- पुलिस ने कड़ियां जोड़कर चालक तक बनाई पहुंच, आरोपी गिरफ्तार

देवास। सिया घाट की करीब 400 फीट गहरी खाई में ट्रक गिराकर उसे आग के हवाले करने की घटना को पुलिस ने महज हादसा नहीं माना और यहीं से जांच की दिशा बदल गई। मौके पर किसी व्यक्ति के घायल नहीं मिलने से मामला संदिग्ध लगा। पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्रम् के तहत लगे सीसीटीवी कैमरों, तकनीकी साक्ष्यों और परंपरागत पुलिसिंग से घटनाक्रम की एक-एक कड़ी जोड़ी तो सच सामने आ ही गया।

हादसे की सूचना से शुरू की गई जांच

23 अगस्त को सिया घाट पर ट्रक के खाई में गिरने और आग लगने की सूचना मिलने पर थाना कन्नौद पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल की परिस्थितियों और किसी के घायल नहीं होने से पुलिस को मामला प्रथम दृष्टया संदिग्ध लगा। इसके बाद पुलिस ने सामान्य दुर्घटना की जांच के बजाय पूरे घटनाक्रम की बारीकी से पड़ताल शुरू की। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सोम्या जैन एवं एसडीओपी आदित्य तिवारी के मार्गदर्शन में थाना कन्नौद पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्रम् के तहत लगे कैमरों की फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और पारंपरिक पुलिसिंग को जांच का आधार बनाया। जांच में सामने आए तथ्यों और घटनाक्रम की कड़ियों को जोड़ते हुए पुलिस आरोपी तक पहुंची।

निशानदेही पर चोरी की सोयाबीन बरामद

मामले में पुलिस ने ट्रक चालक रहीश पिता इसूब खां निवासी धनना, जिला शाजापुर को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ और आरोपी की निशानदेही के आधार पर चोरी कर छुपाई गई सोयाबीन बरामद की गई। पुलिस की तकनीकी जांच और घटनाक्रम के तथ्यों के आधार पर की गई कार्रवाई से कथित रूप से रचे गए झूठे एक्सीडेंट की पूरी कहानी सामने आ गई।

शाजापुर

एक नजर में

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में मनाया रक्षाबंधन

शाजापुर। हरायपुरा स्थित ब्रह्मकुमारी ईवरीय विश्वविद्यालय में रक्षाबंधन पर्व मनाया गया. इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी बहन ने बताया कि रक्षाबंधन के पावन पर्व को पुण्य प्रदायक पर्व, विषतोड़क पर्व, पवित्रता का पर्व आदि नामों से पुकारा जाता है. भाई बहन के पावन प्यार का यह प्रतीक है, जिसमें बहन भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधते हैं एवं अपनी रक्षा के लिए वचनबद्ध करती है, परंतु देखा जाए तो वास्तव में आज का मनुष्य अपनी बुराइयों के अधीन होकर दुखी होता ही जा रहा है. वास्तव में उसे अपनी ही बुराइयों से अपनी रक्षा करने की आवश्यकता सबसे ज्यादा है. इस दौरान सभी से बुराइयां छोड़ने की प्रतिज्ञा करवाई.

श्रावणी पूर्णिमा पर ब्राहमणों ने बदली जनेऊ

शाजापुर। रक्षाबंधन के दिन ब्राहमण समाज द्वारा जाने अनजाने में की गई गलतियों के लिए क्षमा प्रार्थना हेतु विशेष पूजन श्रावणी उपाकर्म किया गया. गायत्री शक्तिपीठ के हरीश शर्मा ने बताया कि इस दिन जाने-अनजाने में हुई गलतियों के पापों से मुक्ति के लिए घी, गाय का गोबर, गाय का दूध, गाय का घी, गाय का पंचगव्य, भस्म अपामार्ग, कुशा-दुर्वा, शहद एवं गंगाजल से स्नान किया जाता है. जिसके चलते गरासिया घाट पर ब्राहमण समाजजनों द्वारा श्रावणी उपाकर्म करते हुए ईश्वर से अपनी गलतियों के लिए क्षमा मांगी गई.

अंतिम संस्कार में जा रहा परिवार हादसे का शिकार

- नेशनल हाईवे पर फट गया कार का टायर
- हादसे में सभी लोग सुरक्षित

शाजापुर, 28 अगस्त. गुजरात के अंकलेश्वर से अयोध्या स्थित अपने घर अंतिम संस्कार में जा रहा एक परिवार हादसे का शिकार हो गया. हाईवे पर एक होटल के सामने इनकी कार का टायर फट गया और कार अनियंत्रित होकर पलट गई. हालांकि किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई और प्राथमिक उपचार के बाद सभी लोग अपने गंतव्य की ओर निकल गए.

घटना शाजापुर जिला मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर एकता होटल के पास सुबह 10 से 11 बजे के बीच हुई. घायलों को एंबुलेंस की मदद से शाजापुर जिला अस्पताल पहुंचाया गया. जहां उनका उपचार किया गया. बताया जाता है कि कृष्णा कुमार पांडे की माताजी का निधन हो गया था.

इसके बाद कृष्णा पांडे अपने परिवार के साथ निजी कार से गुजरात के अंकलेश्वर से अयोध्या स्थित अपने घर लौट रहे थे. कार में कुल छह लोग सवार थे. शाजापुर के पास हाईवे पर अचानक कार का टायर फट गया, जिससे चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और कार पलट गई. हादसे में कृष्णा पांडे, उनके भाई हरिराम पांडे, रामस्वरूप तिवारी और मनीषा पांडे घायल हुए हैं. कार में सवार दोनों बच्चियां रिद्धि और सिद्धि पूरी तरह सुरक्षित हैं. घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया. हालांकि किसी को गंभीर चोट नहीं आई थी. उपचार के बाद परिवार के सभी सदस्य शाजापुर से निजी वाहन की व्यवस्था कर अयोध्या के लिए रवाना हो गए.

फिटनेस, नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर साझा किए विचार...

शुजालपुर, 28 अगस्त. मेजर ध्यानचंद की जयंती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 27 अगस्त को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत द्वारा खेलो इंडिया संवाद खेल की बात, प्रधानमंत्री के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया.

प्रधानमंत्री ने देशभर के युवाओं, खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों से संवाद करते हुए खेल, युवा सहभागिता, फिटनेस, नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों पर विचार साझा किए. महाविद्यालय में विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, मेरा युवा भारत के स्वयंसेवकों एवं खेल प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक प्रधानमंत्री का संबोधन सुना. कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष आलोक खन्ना, प्राचार्य राजेश शर्मा, खेल अधिकारी कुंभकार, प्रो. गुलाबसिंह, प्रो. मुकेश, जॉय सहित खेल जगत में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर भाग ले चुके खिलाड़ी और अन्य अतिथिगण मौजूद रहे.

हिरणखेड़ी में आज जिला स्तरीय जनविश्वास शिविर, समस्याओं का मौके पर होगा निराकरण

आगर मालवा, 28 अगस्त. प्रदेशव्यापी जनविश्वास अभियान के तहत जिला आगर मालवा में भी जनविश्वास शिविरों का आयोजन किया जा रहा है. इसी क्रम में कलेक्टर डॉ.शेर सिंह मीना के मार्गदर्शन में 29 अगस्त 2026 शनिवार को नलखेड़ा क्षेत्र की क्लस्टर ग्राम पंचायत हिरणखेड़ी में जिला स्तरीय जनविश्वास शिविर का आयोजन किया जा रहा है. इस शिविर में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करेंगे. साथ ही शासन द्वारा विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित हितग्राहीमूलक, स्वरोजगारमूलक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी जाएगी तथा उनका लाभ लेने की प्रक्रिया भी बताई जाएगी. जिला प्रशासन ने क्षेत्र के ग्रामीणों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस शिविर का लाभ उठाएं.

एक नजर

यात्री ने बुकिंग क्लर्क पर लगाया गाली-गलौज का आरोप

तत्काल टिकट की कतार में नंबर को लेकर मचा बवाल

मक्सी, (इरशाद खान). मक्सी जंक्शन रेलवे स्टेशन पर तत्काल टिकट बनवाने को लेकर यात्रियों और टिकट बुकिंग क्लर्क के बीच विवाद का मामला सामने आया है. एक यात्री ने बुकिंग क्लर्क पवन डेहरिया पर तत्काल टिकट की कतार में नंबर को लेकर मनमानी करने और विरोध करने पर गाली-गलौज व अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है.

यात्री अर्जुन परिहार के अनुसार वह रात करीब 3 बजे तत्काल टिकट के लिए लाइन में आकर खड़ा हुआ था. उसके साथ अन्य यात्री भी रात से ही कतार में मौजूद थे. यात्री का आरोप है कि सुबह टिकट बुकिंग शुरू होने के दौरान सबसे पहला नंबर रेलवे कर्मचारी विनोद कोचले को दिया गया, जबकि वह आम यात्रियों की कतार में मौजूद नहीं थे और ड्यूटी पर थे. इसके बाद सुबह करीब 7 बजे आए एक व्यक्ति को दूसरा नंबर दिया गया. अर्जुन परिहार का कहना है कि उसका पहला नंबर होने के बावजूद उसे तीसरा नंबर कर दिया गया, जबकि उसके पीछे खड़े यात्री का नंबर भी दूसरे से चौथा कर दिया गया. अर्जुन परिहार के अनुसार जब उसने बुकिंग क्लर्क पवन डेहरिया से इस पर आपत्ति जताई और कहा कि वह रात से लाइन में खड़ा है, इसलिए उसे उसी क्रम में टिकट दिया जाए, तो कथित तौर पर उससे अभद्र व्यवहार किया गया.

शिकायत पुस्तिका भी नहीं दी गई...

यात्री के अनुसार नंबर को लेकर विवाद के बाद उसने तत्काल टिकट बनवाने का प्रयास किया, लेकिन उसका रिजर्वेशन नहीं हो सका. इसके बाद उसने शिकायत दर्ज कराने के लिए स्टेशन पर मक्सी स्टेशन प्रबंधक अजय कुमार वर्मा से शिकायत पुस्तिका मांगी. लेकिन स्टेशन प्रबंधक द्वारा उसे इंतजार करने के लिए कहा गया और बाद में भी शिकायत पुस्तिका उपलब्ध नहीं कराई गई. उसका कहना है कि इस कारण वह तत्काल लिखित शिकायत दर्ज नहीं करा सका. यात्रियों के अनुसार इस संबंध में पहले भी शिकायतें सामने आती रही हैं. उन्होंने पूरे मामले में सीसीटीवी फुटेज की जांच कर कतार में नंबर देने की प्रक्रिया स्पष्ट करने की मांग की है. इस दौरान लोगों ने रेलवे कर्मचारियों के अप-डाउन को लेकर भी सवाल उठाए.

इनका कहना है

यदि वास्तव में किसी यात्री के साथ गाली-गलौज या अभद्र व्यवहार हुआ है, तो यह गलत है और कार्रवाई होनी चाहिए. हालांकि इस मामले को सुनने और समझने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है.

- अजय कुमार वर्मा, स्टेशन प्रबंधक, मक्सी

नियमानुसार कर्मचारी को अपने निर्धारित हेडक्वार्टर पर रहना होता है, लेकिन क्षेत्र में रेलवे के 120 स्टेशन हैं और कौन कर्मचारी कहां रह रहा है, इसकी जानकारी रखने के लिए हर स्टेशन पर जाना संभव नहीं है. मैं सब जगह देखने जाऊंगा, तो फिर मुझे ही घर छोड़ना पड़ जाएगा.

- मुकेश कुमार, रेलवे जनसंपर्क अधिकारी, रतलाम मंडल